खेल व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में युवा दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

- वार्षिक उत्सव सिनर्जी-2024 का राजीव मिश्रा ने किया शुभारंभ
- तीन दिवसीय कार्यक्रम में इनडोर और आउटडोर प्रतियोगिताएं होंगी

स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर में वार्षिकोत्सव सिनर्जी-2024 का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मिस्टिक-7, भोपाल के संस्थापक और मुख्य रचनात्मक अधिकारी राजीव मिश्रा ने किया। उन्होंने सार्वभौमिक प्रेम और साहस के मूल्यों को रेखांकित किया और छात्रों से बुराई के सभी रूपों से दूर रहने का आह्वान किया।

डीन स्टूडेंट अफेयर एसपीएबी प्रोफेसर रचना खरे ने एसपीए दिल्ली और विजयवाड़ा और भोपाल के अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और सभी की जीवंतता के साथ तालमेल बिठाकर इस आयोजन को हमेशा के लिए यादगार बनाने के लिए हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार के खेलों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गायन, नृत्य, माइम, मोनोएक्ट, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, रचनात्मक लेखन, लघु माडलिंग, पत्ती नक्काशी, फेस पेंटिंग, फैशन वाक, भित्तिचित्र आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभाएं दिखाएंगे।